भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2258
उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2024
सोमवार, 14 श्रावण, 1946 (शक)

गुजरात में विशेष कौशल विकास और उद्यमशीलता कार्यक्रम शुरू करना

2258. श्री विनोद लखमशी चावड़ा:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार गुजरात राज्य में भुज, अब्दासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार जिलों विशेषकर राज्य के कच्छ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के युवाओं विशेषकर गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले और हाशिए पर रहने वाले वर्गों की विशेष जरूरतों के लिए इस राज्य में कोई विशेष कौशल विकास और उद्यमिता कार्यक्रम चला रही है अथवा शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है;

(ख) क्या उक्त कार्यक्रम रोजगार दिलाने से जुड़े हुए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और इसके अंतर्गत कितनी नौकरियां प्रदान की गई हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (घ) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) भारत सरकार, स्किल इंडिया मिशन (सिम) के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों अर्थात प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) के अंतर्गत कौशल विकास केंद्रों/संस्थानों के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से गुजरात के कच्छ जिले के भुज, अब्दासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार शहरों सहित देश भर में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रहने वाले और सीमांत भाग में रहने वाले लोगों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए कौशल, पुनर्कौशल और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करता है।

एमएसडीई की स्कीमों के अंतर्गत शामिल किए गए कच्छ जिले में लाभार्थियों की संख्या निम्नानुसार है:

क्र.सं.	स्कीम का नाम	कच्छ जिले में लाभार्थी
1.	पीएमकेवीवाई (प्रारंभन (वर्ष 2015-16) से जून, 2024 तक)	16,348
2.	जेएसएस (वर्ष 2018-19 से जून, 2024 तक)	10,684
3.	एनएपीएस (वर्ष 2018-19 से जून, 2024 तक)	12,841
4.	सीटीएस (वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक)	13,553

एमएसडीई की स्कीमों में, नियोजन को विशेष रूप से केवल पीएमकेवीवाई के अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक में पहले तीन संस्करणों अर्थात पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 में ट्रैक किया गया था, जो वित्त-वर्ष 2015-16 से वित्त-वर्ष 2021-22 तक कार्यान्वित किया गया था। वित्त-वर्ष 2022-23 से कार्यान्वित की जा रही पीएमकेवीवाई 4.0 की वर्तमान स्कीम से नियोजन को पृथक कर दिया गया है। वित्त-वर्ष 2015-16 से वित्त-वर्ष 2021-22 के दौरान पीएमकेवीवाई के एसटीटी घटक में कच्छ जिले में नियोजित किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या 3,372 है।

*****